जनपद न्यायालय, वाराणसी।

नीलामी आदेश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीवानी न्यायालय, वाराणसी परिसर में स्थित वर्ष 2024–25 के लिए दुकानों व वाहन स्टैण्ड की नीलामी दिनांक 28.03.2024 को समय 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे के बीच दीवानी न्यायालय, वाराणसी के मनोरंजन कक्ष में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा गठित समिति के द्वारा किया जायेगा।

नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति नियमों एवं शर्तों की जानकारी दीवानी न्यायालय, वाराणसी के नोटिस बोर्ड अथवा नजारत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

सभी प्रकार से भरे हुए आवेदन पत्र मय धरोहर धनराशि के ड्राफ्ट सहित दिनांक 27.03.2024 तक नजारत कार्यालय में सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त करा दिये जाये। इसके पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

किसी भी बोली को स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को होगा।

इस नोटिस को वाराणसी जिले के किसी एक स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित कराया जाय, नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाये एवं इसकी सूचना न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाये।

/

(अनिल कुमार–V)
अध्यक्ष–नीलामी समिति,
जनपद न्यायालय, वाराणसी

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. प्रति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. प्रति कम्प्यूटर अनुभाग को न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. प्रति आयुक्त, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
4. प्रति जिलाधिकारी, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
5. प्रति स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु।

06.3.24

(अनिल कुमार–V)
अध्यक्ष–नीलामी समिति,
जनपद न्यायालय, वाराणसी